(T) (ग) क्या भारतीय इस्पात प्राधिकरण ने इस्पात पर आयात शुल्क में वृद्वि करने की मांग की हैं;और

(घ) यदि हां,तो किस सीमा तक ?

**इस्पात तथा ख़ान मंत्री (श्री नवीन पटनायक)**: (क) और (ख) वर्ष 1997-98 में स्टील अथारिटी आफ इंडियालि.(सेल) को 149 करोड़ रूपए का लाभ हुआ था। फिर भी,चालू वर्ष अर्थात 1998-99 में दिसम्बर तक सेल को 890 करोड़ रूपए की हानि हुई।

सेल के लाभ में गिरावट के मुख्य कारणों में इस्पात की मांग में मंदी,अन्तर्राष्ट्रीय मूल्यों के कम होने के कारण आयात से अत्यधिक प्रतिस्पर्धा और घरेलू बाजार में पूर्ति में वृद्वि आदि शामिल है जिसके फलस्वरूप घरेलू बाजार में बिक्री से निवल प्राप्ति में गिरावट आई। अन्तर्राष्ट्रीय बाजार आदि में निर्यात मूल्यों में भी कमी हुई।

सेल ने दुर्गापुर,राउरकेला और बोकारो स्थित अपने संयंत्रों के आधुनिकीकरण हेतु अत्यधिक निवेश किया है। आधुनिकीकरण के लाभ चरणों में प्राप्त होंगे जबकि आधुनिकीकरण/पूंजीगत योजनाओं के पूंजीकरण और उच्च माल सूची स्तर बनाए रखने के कारण सेल को पूंजी से संबद्व उच्च लागत (ब्याज और मूल्य ह्रास) को समाहित करना पड़ा।

(ग) और (घ) भारतीय उद्योग परिसंघ,जिसमें सेल सहित प्रमुख इस्पात उत्पादक शामिल हैं,के संरक्षण में इस्पात उद्योग प्रभाग ने 1999-2000 के बजट में परिसज्जित लोहा और इस्पात उत्पादों पर 5 से 10% के बीच सीमा शुल्क बढ़ाने का सुझाव दिया हैं।

**Performance of Salem Steel Plant**

*92. SHRI V.P. DURAISAMY: Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state:

(a) the financial performance of Salem Steel Plant for the last three years;

(b) whether Government have any plan to modernise this plant;

(c) if so, the details thereof; and

(d) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STEEL AND MINES (SHRI NAVEEN PATNAIK): (a) The financial performance of Salem Steel Plant (SSP) for the last three years is as under:—

| Year | Profit/Loss(-)/ (Rs. in Crores) |
|---|---|
| 1995-96 | 4.15 |
| 1996-97 | (-) 37.62 |
| 1997-98 | (-) 119.70 |

(b) to (d) There is no plan for modernisation of SSP at present due to sluggish market demand for stainless steel.

**Import of Tea from Sri Lanka**

*93. SHRI O.P. KOHLl: Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the news-item captioned Import of tea from Sri Lanka at concessional rates opposed appearing in the Statesman dated 29th January, 1999; and

(b) if so, Government's reaction to the views expressed by the Chairman of the Indian Tea Association in the said news clipping?

THE MINISTER OF COMMERCE (SHRI RAMAKRISHNA HEGDE): (a) and (b) Yes, Sir. The Government is aware of the newspaper report and has also received representation of Indian Tea Association. The ITA has objected to granting of unilateral tariff concession on import of tea from Sri Lanka and has stated that it will hit the Indian tea industry adversely. It has further stated that the Indian industry is subject to State and Central taxes whereas the imports of tea under the FTA will be duty free and thus will leave no level playing field to ,Indian tea manufacturers.

The tariff concessions under the Indo-Sri Lanka Free Trade Agreement for any good/commodity shall be available only on the Basic Custom Duty. No concession shall be available on the duty component on Special Custom Duty, Sspcial

Additional Custom Duty and Additional Custom duty in lieu of Central Excise.

**Revival of BOGL, Durgapur**

*94. SHRI DIPANKAR MUKHERJEE:
SHRI NILOTPAL BASU:

Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) the product line of Bharat Opthalmic Glass Limited (BOGL), Durgapur;

(b) whether it is the only unit in the country manufacturing flint buttons;

(c) whether the strategic importance of BOGL was accepted by AAIFR in its hearing on revival of the company; and

(d) if so, Government's action plan in reviving BOGL as per the directions of the AAIFR?

THE MINISTER OF INDUSTRY (SHRI SIKADER BAKHT): (a) The product line of Bharat Ophthalmic Glass Limited, Durgapur is Ophtalmic Flint Buttons (for use in bifocal lenses), Optical Glass items and Radiation Shielding Windows.

(b) Yes, Sir.

(c) AAIFR during its hearing observed that "the strategic importance of BOGL's production has not been denied by any party."

(d) As per the directions of AAIFR, the Operating Agency viz. IDBI prepared a revival package which was considered by the Government. Further, another revival package submitted by the management and the employees union of BOGL was also considered.

In both the draft revival packages it was found that the schemes would not establish long term economic and commercial viability of BOGL, even with financial restructuring and fresh infusion of funds.

However, to mitigate the hardships of the employees an employee friendly Voluntary Separation Scheme (VSS) has been introduced in BOGL with effect from 1.12.1998. It has been decided to extend the validity of VSS which was open upto 28.2.1999 for a further period of three months. It has also been decided to examine the viability of the company through a group of experts.

**विदेशी व्यापार को बढ़ावा दिया जाना**

*95.**श्री राज मोहिन्दर सिंह**:

**श्री कपिल सिब्बल**:

क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश में विविध सरकारी तथा अर्ध-सरकारी संस्थाएं विदेशी व्यापार को प्रोत्साहित करने के कार्य में लगी हुई हैं;

(ख) यदि हां,तो देश में विदेशी व्यापार को बढ़ावा देने के लिए स्वदेश में,विदेश में,तथा स्वदेश और विदेश,दोनों में कार्यरत संस्थाओं का ब्यौरा क्या हैं;और

(ग) सरकार द्वारा उक्त प्रत्येक संस्था पर प्रतिवर्ष कितनी-कितनी धनराशि व्यय की जाती हैं?

**वाणिज्य मंत्री (श्री रामकृष्ण हेगड़े)**: (क) जी,हां ।

(ख) और (ग) वाणिज्य मंत्री के तत्वावधान में देश तथा विदेश में विदेश व्यापार का संवर्धन करने में कार्यरत विभिन्न सरकारी तथा अर्द्ध-सरकारी संस्थाओं तथा 1997-98 के दौरान निर्यात संवर्धन के लिए सरकार द्वारा बाजार विकास और सहायता(एम.डी.ए.) निधि से इन संस्थाओं को रिलीज की गई राशि से संबंधित ब्यौरे विवरण में दिए गए है ।